जी-20 समूह की बैठक अगले साल छत्तीसगढ़ में होगी

चर्चा में क्यों?

9 दिसिंबर, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करके जानकारी दी कि जी-20 के चौथे वित्त कार्य समूह की बैठक सितंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में होगी।

प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि जी-20 समूह की जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूह की बैठक देश के अलग-अलग राज्यों और प्रदेश में कराने की बात कही थी, ताकि समूह के दूसरे देश भारत की संस्कृति और लोककला से परिचित हों।
- प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता की तैयारी को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर, छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके सहित सभी राज्यों के राज्यपाल, उप राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री शामिल हुए।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 की अध्यक्षता करने का भारत को उत्कृष्ट अवसर प्राप्त हुआ है। इसमें सभी राज्यों को अपनी कला, संस्कृति एवं अपनी विशिष्टता दिखाने का अवसर मिलेगा।
- उन्होंने कहा कि जी-20 देशों के एक लाख से भी अधिक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति, देश के विभिन्न राज्यों में बैठकों, सम्मेलनों में शामिल होंगे। इसके लिये सभी राज्यों को अपनी ओर से कुछ नये कार्यक्रम भी जोड़ना चाहिये। राज्य के विश्वविद्यालयों एवं स्कूली विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों को भी जी-20 के कार्यक्रमों से जोड़ा जाना चाहिये।
- उन्होंने कहा कि राज्यों को अपने क्षेत्र की महिलाओं द्वारा किये गए विकास के कार्यों को विशेष रूप से प्रदर्शित करना चाहिये।
- उल्लेखनीय है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 का 18वाँ शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में अगले वर्ष 2023 में आयोजित होगा। यह सम्मेलन 'वसुधैव कुटुम्बकम'के आदर्श पर आयोजित किया जाएगा। 09 और 10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित होगा तथा भारत के सभी राज्यों के कुल 56 स्थानों पर 215 बैठकें होंगी, जिनमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/g-20-group-meeting-will-be-held-in-chhattisgarh-next-year